आईआईआईटी ने बनाई खास किस्म की तीन नई तकनीक

यू ट्यूब से खुद-ब-खुद हटेगा अश्लील वीडियो

नई दिल्ली | अनुराग मिश्र

इलस्ट्रेशन - डा. श्रीनिवास

आईआईआईटी द्वारा बनाई गई तीन तकनीक आपकी जिंदगी को आसान कर सकती हैं। इनमें से जहां दो डिवाइस आपकी सेहत पर नजर रखेंगी तो एक डिवाइस आपको सोशल नेटवर्किंग साइट पर सुरक्षित रखेगी।

स्पैम वीडियो को पहचानने के होंगे तीन तरीके

यू-ट्यूब पर कुछ लोग अश्लील वीडियो भी अपलोड करते हैं। इसकी जानकारी जब तक यू-ट्यूब को होती है तब तक बड़ी संख्या में लोग इसे देख चुके होते हैं। आशीष सुरेखा और विदुषी चौधरी द्वारा बनाए गए इस मॉडल में स्पैम और अश्लील वीडियो को तीन तरीकों से पहचाना जाएगा। पहला भाषा, दूसरा मशहूर शब्दों, वाक्यों और तीसरा समय और संख्या। इनकी मदद से यू ट्यूब से अपने आप ही अश्लील वीडियो हट जाएगा।

नींद पूरी न होने की मिल जाएगी जानकारी

अगर आपकी नींद पूरी नहीं होती है या नींद की वजह से आपको कोई परेशानी होने वाली हो तो इस यंत्र के माध्यम से आप इस बात को जान सकेंगे। इसे बनाने वाले आईआईआईटी दिल्ली के छात्र मधुर हसीजा ने बताया कि नींद में दिक्कत दो वजह से आती है पहला विंड पाइप में परेशानी, दूसरा दिमाग से सिग्नल का न पहुंचना। ऐसा कभी कुछ सेकेंड के लिए होता है तो कभी 15 मिनट तक सांस नहीं आती है। मोबाइल की सहायता से इस यंत्र का प्रयोग किया जा सकता है। मोबाइल में एक एप्लीकेशन डाउनलोड करना होगा। उसके साथ एक पल्स ओसेलोमीटर सेंसर और हार्ट रेट सेंसर से सांस और हृदय की धड़कनों को मापा जा सकेगा।

आपके हृदय पर नजर रखेगा कार्डियो वॉच

हृदय की जांच के लिए अब आपको अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा। कार्डियो वॉच नामक यंत्र की मदद से आप घर बैठे ही अपने दिल का हाल जानकर डॉक्टर से परामर्श ले सकेंगे। सुजाय देब द्वारा तैयार इस यंत्र में एक छोटा मल्टी पैरामीटर, बायोमेडिकल सिग्नल ग्रहण करने वाला सिस्टम होता है। इन्हें किसी भी मोबाइल से जोड़ा जा सकेगा। जिसके बाद ये पूरी तरह काम करने लगेगा।